**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 31.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

1. संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ शुरू होगा– वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी।

2. द्वीपों के पांच पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को गृह मंत्रालय ने उत्कृष्ट सेवा पदक देने की घोषणा की।

3. केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने डेंगू और चिकनगुनिया के प्रभावी रोकथाम के लिए परामर्श जारी किया।

4. श्री विजयपुरम में पर्यटकों की सुविधा के लिए ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम की टिकट बुकिंग के समय में बदलाव ।

<><><><><><><><><><>

संसद का बजट सत्र आज सुबह शुरू होगा। सबसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा और राज्यसभा दोनों के संक्षिप्त सत्र के दौरान आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आर्थिक सर्वेक्षण की प्रस्तुति संसद में बजट सत्र की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है। वित्त मंत्री कल संसद में केन्द्रीय बजट पेश करेंगी।

<><><><><><><><><><>

कौशल्या नगर के राजकीय विद्यालय में शिक्षक प्रखर प्रताप सिंह ने केन्द्रीय बजट की विभिन्न संभावनाओं के बारे में आकाशवाणी से बात की। उन्होंने कहा कि सरकार को स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि लोग लाभान्वित हो सके।

**बाईट–प्रखर प्रताप–37 से0**

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के पांच पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी बेहतरीन कार्य के लिए उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए चुना गया है। छियहत्तरवें गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यह घोषणा की गई। जिन पुलिस अधिकारियों को इन पदक के लिए चुना गया है, उनमें पुलिस निरीक्षक के. नगेन्द्र राव, पुलिस उप–निरीक्षक डी के सील, हेड कांस्टेबल अमल कुमार दास, सहायक पुलिस निरीक्षक राम प्रसाद तथा होम गार्ड के. कलई चेल्वी शामिल हैं। श्रीमती चेल्वी को होम गार्ड उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए चुना गया है।

<><><><><><><><><><>

समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना कार्यालय, शिक्षा सदन के सहयोग से ब्लॉक परियोजना कार्यालय, डिगलीपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस के बारे में बालवाटिका शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के उद्‌घाटन सत्र में डिगलीपुर की उप शिक्षा अधिकारी सुलोचना ने शिक्षक प्रशिक्षण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को औपचारिक स्कूली शिक्षा के साथ एकीकृत करना है, ताकि बालवाटिका कक्षाओं में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में डिगलीपुर शैक्षिक क्षेत्र के कुल चौहत्तर बालवाटिका शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><>

श्री विजयपुरम के गाराचरमा स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान–डाइट, में कल डी.एल.एड शिक्षक प्रशिक्षुओं के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य भावी शिक्षकों को आधारभूत और प्रारंभिक चरण में छात्रों में वैज्ञानिक स्वभाव, गणितीय सोच और सॉफ्ट स्किल्स को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना था। कार्यशाला में शिक्षक

प्रशिक्षुओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या दीपा नायर ने छात्रों में नैतिक मूल्यों और आचार विचार के विकास के अलावा मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इस कार्यक्रम में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

डेंगू और चिकनगुनिया की प्रभावी रोकथाम के लिए केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने द्वीपों समेत सभी राज्यों को परामर्श जारी किया है। इस परामर्श में मंत्रालय ने राज्य तथा केन्द्रशासित प्रदेशों को एक्शन प्लान बनाने को कहा है। साथ ही ज़िला तथा ब्लॉक स्तर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए हैं। परामर्श में कहा गया है कि डेंगू और चिकनगुनिया के बारे में आशा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाए, ताकि वे समुदाय को इन मच्छरजनित बीमारियों के बारे में बता सके। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में उप–निदेशक डॉ. आर बी अजित कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि डेंगू और चिकनगुनिया मच्छरों से फैलता है, इसलिए एक जगह पर जमा पानी को खाली करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी परिवारों में एक दिन मच्छर जमा होने वाले सभी पात्रों, बर्तनों और स्थानों की अच्छे से साफ–सफाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सक्रिय भागीदारी से डेंगू और चिकनगुनिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग ने ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम के लिए टिकट बुकिंग प्रक्रिया में अपडेट की घोषणा की है। टिकट बुकिंग विंडो अब आधी रात के बजाय सुबह नौ बजे खुलेगी। इसका उद्देश्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बुकिंग प्रक्रिया को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाना है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने विदेशी नागरिकता या ओवरसीज़ सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड प्राप्त कर चुके सदस्यों के परिवारों से उनके नाम राशन कार्ड से हटवाने का अनुरोध किया है। ऐसा न करने पर पीडीएस नियंत्रण आदेश, दो हजार पन्द्रह के प्रावधानों के अनुसार बिना किसी सूचना के कार्ड धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम दूरदर्शन केन्द्र की ओर से प्रसारित होने वाली सजीव फोन इन कार्यक्रम डॉक्टर्स स्पीक में इस बार बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास और होमियोपैथी से उसके प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे से छः बजे तक प्रसारित होगा। कार्यक्रम में कलकत्ता होमियोपैथी मेडिकल कॉलेज के डॉ. रजत चटोपाध्याय अपने विचार रखेंगे तथा लोगों के सवालों के जवाब देंगे। श्रोता अपने सवाल करने के लिए दो चार चार सात चार पांच तथा दो चार पांच छः छः दो नम्बरों पर फोन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को मानव तस्करी, प्राकृतिक आपदाओं के पीड़ितों के अधिकार और श्रम कानूनों पर कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला और सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष सुधीर कुमार समेत अन्य न्यायाधीशों ने अपने विचार रखे। श्री कुमार ने मानव तस्करी से संबंधित कानूनी प्रावधानों, प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित पीड़ितों के अधिकारों और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाले प्रमुख श्रम कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सत्र में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखी गई। अन्य न्यायाधीशों ने भी नागरिक अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आम जनता को कानूनों के बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है, ताकि वे जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग कर सके।

<><><><><><><>